सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 माघ 16, गुरुवार, शाके 1947– फरवरी 5, 2026 अंक 45
Vol. 77 Magha 16, Thursday, Saka 1947–February 5, 2026 No. 45

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, दिनांक कुण्डारा, आधार नं. 6655 4035 4892, पत्नी श्री मयंक शारदा निवासी 3/116, हाउसिंग बोर्ड श्री गंगा नगर हाल निवासी 1083, बरकत नगर, किसान मार्ग, जयपुर राज. की हूं तथा शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हूं किः–

1. यह कि मेरा पहले विवाह श्री अविनाश बैरवा पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल बैरवा निवासी जयपुर से हुआ था जिससे मेरे एक पुत्री अंशिका पैदा हुई थी तथा वैचारिक मतभेद के कारण मेरा तलाक भी अविनाश बैरवा से हो गया जो कि प्रकरण संख्या 808/2023 के तहत उक्त तलाक की डिक्री मुझे जरिये न्यायालय दिनांक 7/10/2024 को प्राप्त हो गई तथा न्यायालय द्वारा मेरी पुत्री की कस्टडी भी मुझे प्राप्त हो गई है कोर्ट द्वारा मेरे हक में जारी की गई प्रति इस शपथ पत्र के साथ संलग्न है।
2. यह कि अब मेरा पुनर्विवाह श्री मयंक शारदा से दिनांक 25/02/2025 को हो गया था तत्पश्चात् मैंने विवाह प्रमाण–पत्र भी बनवा लिया था। जिसकी प्रति संलग्न है।
3. यह कि मेरी पुत्री अंशिका के पूर्व पिता श्री अविनाश बैरवा को हटा कर अब विद्यालय के शैक्षणिक रिकोर्ड में अंशिका पुत्री मयंक शारदा कर दिया जावे नये व वर्तमान पिता के नाम से मैंने आधार कार्ड भी बनवा लिया है मेरी पुत्री का आधार नं. 4643 1771 5370 है।
4. यह कि मेरी पुत्री के सभी रिकोर्डस व शैक्षणिक रिकोर्डस में पुराने पिता का नाम बदल कर नये पिता श्री मयंक शारदा का नाम अंकित कर लिया जाये ताकि भविष्य में मुझे या मेरी पुत्री को अनावश्यक परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

जयपुर — दिनांक कुण्डारा
दिनांक :– 21/01/2026 — हस्ताक्षर शपथग्रहिता

सत्यापन

मैं, दिनांक कुण्डारा उपरोक्त शपथग्रहिता यह सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र में दिये गये बयान 1 से 4 मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सही व सत्य है, मैंने इसमें कोई तथ्य मिथ्या वर्णित नहीं किया है ईश्वर मेरी मदद करें।

जयपुर — दिनांक कुण्डारा
दिनांक :– 21/01/2026 — हस्ताक्षर शपथग्रहिता

ATTESTED
A.K. SHARMA
21-01-2026
NOTARY PUBLIC
JAIPUR (RAJ.) INDIA.
31583

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।